तापमान
अधिकतम 41.7 डिग्री
न्यूनतम 20.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

12 गेहूं उठान में लगे वाहनों की होगी फिजिकल ...



12 नगर निगम चुनावः 191 बूथों पर होगा चुनाव ...



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दो युवकों ने व्यक्ति से छीनी नकदी

**यमुनानगर।** गांव लेदी में एचडीएफसी बैंक के पास दो बाइक सवार युवकों ने व्यक्ति से छह हजार रुपये छीन लिए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मानकपुर वन निवासी मनमोहन सिंह ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को दोपहर एक बजे गांव लेदी स्थित एचडीएफसी बैंक से पैसे निकलवाने के लिए आया था। जैसे ही वह पैसे बैंक से निकलवा कर बाहर निकाला तो इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके हाथ से छह हजार रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए।

### मारपीट कर बंधक बनाने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव हड़तोल निवासी बरखा देवी ने गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट करने तथा बंधक बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव हड़तोल निवासी बरखा देवी ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव के ही गुलशन, उर्मिला, सोनू, मोनू, अंजू बाला, कार्तिक व नेहा ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उसे जबरदस्ती बंधक बना लिया। किसी तरह में आरोपियों से बचकर वहां से भाग निकली।

### चोरों ने घर से आभूषण और नकदी चुराई

**कुरुक्षेत्र।** आकाश नगर गली नंबर 4 में चोरों ने एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से आभूषण व नकदी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। शिक्षक सत्यवान सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सत्यवान सिंह ने बताया कि वह 11 अप्रैल को परिवार सहित अपने ससुराल गया था। इस दौरान घर पर कोई नही था। जब वीरवार रात्रि घर पर आया तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा कि दोनों कमरों के ताले भी टूटे हुए थे और स्टोर रूम में रखी अलमारी जिसमें गहने व नगदी व घर के कागजात थे वह नहीं थे। चोरों ने घर से लाखों के आभूषण चोरी कर लिए है।

### टेक्सटाइल फैक्ट्री में आग लगी

**पानीपत।** हुडा औद्योगिक सेक्टर-25, पार्ट-2 में स्थित जेके हैंडलूम हाउस में आग लग गई। हवा बहने के चलते आग भीषण रूप धारण करती चली गई। इधर, दमकल आग को काबू करने के पहुंची, लेकिन तब तक आग फैक्टरी के पूरे भवन को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आग न फैले दमकल व पुलिस ने कारखानों को खाली करवाया।

## नकल रहित व पारदर्शी तरीके से परीक्षा कराने पर जोर, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के आदेश

# 31 सेंटरों पर होगी एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा, 8712 अभ्यर्थी होंगे शामिल

- अंबाला में 13 सेंटर छावनी व 18 शहर में बनाए गए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** परीक्षा को लेकर वीसी के जरिए अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते मुख्य सचिव। फोटो : हरिभूमि

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से 26 अप्रैल को हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से 8 जिलों में आयोजित होने वाली एचसीएस एवं एलाईड सर्विसिज की प्रारम्भिक लिखित परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने मई माह में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रस्तोगी ने बताया कि यह दोनों परीक्षाएं अति महत्वपूर्ण हैं।

इसलिए परीक्षाओं के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर रूपरेखा बनाते हुए कार्य करना है। परीक्षाओं को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाना है। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षाओं के दृष्टिगत जो हिदायतें जारी की गई हैं उनकी शत प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक व्यवस्था भी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 26 अप्रैल को हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से दो चरणों में प्रारम्भिक लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिए नोडल ऑफिसर के साथ-साथ डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर बिजली की निर्बाध व्यवस्था के साथ-साथ सभी सेंटरों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध होनी चाहिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि परीक्षा के दृष्टिगत लोक सेवा आयोग के माध्यम से एचसीएस एवं एलाईड सर्विसिज की प्रारम्भिक लिखित परीक्षा को लेकर जिला अम्बाला में 31 सेंटर बनाए गए हैं। इनमें से 13 अंबाला छावनी में व 18 अंबाला शहर में शामिल हैं। परीक्षा के दृष्टिगत लगभग 8712 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी के साथ-साथ डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर भी लगा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 3 मई को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर सात परीक्षा केन्द्र बनाए जाएंगे। परीक्षा के दृष्टिगत सभी तैयारियां दुरूस्त रहेंगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के तहत जो दिशा-निर्देश मिले हैं उनकी अनुपालना सुनिश्चित होनी चाहिए। परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाना है।

### ये मौजूद रहे

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, आरटीए सुशील कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी के भी मौजूद रही।

# गेहूं उठान में लापरवाही पर दो ठेकेदारों पर 1.86 लाख जुर्माना

- डीएफएससी बोले-72 घंटे में उठान अनिवार्य, लापरवाही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि पिहोवा और इस्माइलाबाद मंडी में गेहूं उठान कार्य निर्धारित समय अवधि पर ना करने पर 2 ठेकेदारों पर जुमार्ना लगाया गया है। इसके साथ ही निर्देश दिए गए है कि गेहूं उठान कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। डीएफएससी नरेश कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के सभी खरीद केन्द्रों और मंडियों पर उठान कार्य निर्धारित समय अवधि के अंदर निर्धारित की गई एजेंसियों द्वारा किया जाए। इस विषय को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा पूरी गंभीरता के साथ ले रहे है और स्वयं उठान कार्य पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद कार्य जिला की सभी मंडियों में जोरों पर है। मंडियों में निविदा समिति द्वारा नियुक्त किए गए श्रम व ढुलाई / परिवहन ठेकेदारों द्वारा गेहूं उठान कार्य सरकार द्वारा निर्धारित समय अवधि 72 घंटे के अन्दर किया जाना होता है। उन्होंने कहा कि पिहोवा व इस्माईलाबाद मंडी के ठेकेदारों को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में मंडियों में गेहूं उठान कार्य तेजी लाने के सम्बन्ध में 15 अप्रैल 2026 को ली गई बैठक में सम्बन्धित ठेकेदारो को चेतावनी दी गई थी कि उठान कार्य को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा किया जाए। लेकिन गेहूं उठान निर्धारित समय अवधि मे ना होने पर पिहोवा मंडी में नियुक्त मैसर्ज वी एस ट्रांसपोर्ट कम्पनी श्रम व ढुलाई ठेकेदार पिहोवा मंडी के लिए 1 लाख 25 हजार रुपए जुमार्ना तथा मैसर्ज मलिक ट्रांसपोर्ट श्रम व ढुलाई ठेकेदार इस्माईलाबाद मंडी पर भी 61 हजार 500 रुपये की पेनल्टी लगाई गई है।

### रेलवे ट्रैक पार कर रहे 22 लोगों को पकड़ा, एक-एक हजार जुर्माना ठोका

**अंबाला।** रेलवे ट्रैक पार करने की जानलेवा लापरवाही और ह्यूमन रन ओवर की घटनाओं को रोकने के लिए आरपीएफ ने सख्ती करने का फैसला किया है। आरपीएफ और डीएफसीसीआईएल की संयुक्त टीम ने अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी करके एक अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर पटरी पार कर रहे 22 लोगों को मौके पर पकड़ा गया। सभी दोषियों पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना ठोका। सुरक्षा के मद्देनजर ऐसे औचक अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## किसी भी ज्ञान को सीखने में भाषा बाधा नहीं: कुलपति प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित प्रभाषणम कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भाषा किसी भी ज्ञान को सीखने में बाधा नहीं होती, बल्कि सीखने की सच्ची लगन ही सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में विद्यार्थियों को संस्कृत के कारण आयुर्वेद के ग्रंथों को समझने में कठिनाई आती है, लेकिन निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन से इसे आसानी से सीखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के बीएएमएस पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम हाल के वर्षों में उत्कृष्ट रहा है, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों के समर्पण को दशार्ता है। वहीं, कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने कहा कि लर्निंग के छह स्तर होते हैं और जब विद्यार्थी स्वयं पढ़ते व समझते हैं, तभी ज्ञान स्थायी बनता है। उन्होंने प्रभाषणम को एक सकारात्मक और उपयोगी पहल बताते हुए कहा कि संस्कृत सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसके माध्यम से आयुर्वेद को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

## हेरोइन तस्करी में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने तीन तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से कुल 250 ग्राम 600 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए-2 ने एक सटीक सूचना के आधार पर थाना पड़ाव क्षेत्र में रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर नितिन उर्फ चाटू को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 150 ग्राम 600 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी दिल्ली से ट्रेन के जरिए हेरोइन लेकर आया था। पुलिस से बचने के लिए वह स्टेशन आने से पहले ही ट्रेन की गति कम होने पर कूद गया था, लेकिन सतर्क सीआईए टीम ने उसे धर दबोचा। आरोपी नितिन का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है; वह स्नेचिंग, चोरी और लड़ाई-झगड़े के कई मामलों में शामिल रहा है और हाल ही में स्नेचिंग के मामले में सजा काट कर बाहर आया था। इसी तरह सीआईए-1 ने देवीनगर (लुधियाना-दिल्ली हाईवे) के पास नाकाबंदी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध गाड़ी को रोका। गाड़ी की तलाशी लेने पर शुभम के कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। थाना महेश नगर में दर्ज 1 किलो हेरोइन तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पहले गिरफ्तार आरोपी आरीमन से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इस गिरोह के दूसरे सदस्य भाविक उर्फ भानू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि जिले में नशा तस्करों के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस अपने सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत कर रही है।



## जुआ खेलते 12 आरोपी पकड़े, 2.50 लाख बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने होटल में जुआ खेलने के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-निर्देश में थाना कृष्णा गेट पुलिस की टीम ने होटल में जुआ खेलने के आरोप में गोपाल शर्मा, टोनी, अरुण कुमार, भूषण, पिंकू, सतबीर सिंह, विजय कुमार, सूरज कुमार, नीरज कुमार, पाला राम, अशोक कुमार वासीयान शहर थानेसर व नितेश वासी चंदलाना जिला कैथल को काबू करके उनके कब्जा से 2 लाख 50 हजार 540 रुपए व ताश के पत्ते बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कृष्णा गेट के अंतर्गत सुभाष मंडी पुलिस चौंकी को सूचना मिली कि 100 फूटा रोड पर स्थित एक होटल में कुछ लोग सत्ता खेल रहे हैं। अगर तुरंत रेड की जाए तो मौका पर जुआ खेलते हुए काबू आ सकते हैं।

### मृत व्यक्ति के नाम पर जमानत की कोशिश कोर्ट ने आरोपी पर दर्ज करवाया केस

- फर्जी दस्तावेजों से कोर्ट को गुमराह करने का आरोप

**पानीपत।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय कम फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) योगेश चौधरी की अदालत के आदेश पर थाना सिटी पुलिस ने अजीत नामक व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। अजीत पर मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी लकी की जमानत के लिए सुखबीर पुत्र जिले सिंह के नाम के अजीत नामक व्यक्ति ने जमानत बॉन्ड पेश किए थे। शक होने पर जज चौधरी की कोर्ट ने संबंधित थाना प्रभारी से इस बारे में वेरिफिकेशन रिपोर्ट मांगी थी। वहीं, थानेदार ने जज चौधरी की अदालत में सुखबीर की वेरिफिकेशन रिपोर्ट पेश की तो खुलासा हुआ कि जिस सुखबीर के नाम से आरोपी लकी की जमानत दी जा रही थी, उसकी मौत हो चुकी है। वहीं, जज चौधरी की कोर्ट में सुखबीर बनकर जो व्यक्ति पेश हुआ था, उसका असली नाम अजीत है। आरोपी अजीत ने खुद को गांव गांजबड़ निवासी सुखबीर के रूप में पेश कर कोर्ट के साथ धोखाधड़ी की और जाली दस्तावेजों पेश किए है। दूसरी ओर, जज चौधरी की अदालत ने तथ्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी लकी के बेल बॉन्ड और श्योरिटी बॉन्ड को खारिज कर दिया। वहीं जज चौधरी के आदेश पर अजीत के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### प्रमोशन का झांसा देकर एनएचएआई कर्मचारी से 25 लाख की ठगी

- आरोपियों ने खुद को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पीएमओ से जुड़े लोगों का करीबी बताया

**यमुनानगर।** प्रमोशन और ट्रांसफर का झांसा देकर एनएचएआई के एक कर्मचारी से करीब साढ़े 20 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खुद को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े लोगों का करीबी बताकर पीड़ित को अपने जाल में फंसा लिया। पैसे वापस मांगने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। सदर जगाधरी थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव भोजपुर निवासी निर्मल कुमार ने शिकायत में बताया कि वह फरवरी 2025 तक एनएचएआई, नई दिल्ली में कार्यरत था और उसका प्रमोशन व ट्रांसफर लंबित था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अनिल बजरंगी से हुई, जिसने उसे भरोसा दिलाया कि उसका काम करवा देगा। इसके बाद पंचकूला में मनोज सिंधी और कर्नल मान से मुलाकात करवाई गई, जिन्होंने 15 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने किस्तों में रकम दी और बाद में पानीपत व दिल्ली में कई बार मुलाकात कर आरोपियों को कुल करीब साढ़े 20 लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज और संदेश भेजकर उसे भरोसे में रखा। जांच में सच्चाई सामने आने पर पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो उसे धमकियां दी गईं।

## तेज रफ्तार कार ने तीन महिलाओं को कुचला, एक की मौत

- साढ़ौरा के गांव गलौड़ी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव गलौड़ी के पास तेज रफ्तार कार ने तीन महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गई। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गलौड़ी निवासी खुशी ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी मां 40 वर्षीय सोनिया व मासी बबली के साथ किसी काम से जा रही थी। जब वह गांव के पास ही मेन सड़क पर पहुंची तो तेज रफ्तार से आ रही कार ने उन तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना उनके परिजनों को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उन तीनों को अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मां सोनिया की मौत हो गई जबकि वह और उसकी मासी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## छात्रों को आईआईटी व मेडिकल की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग व आवास मिलेगा

### चयनित छात्रों को कैंपस में रहकर देना होगा एग्जाम

# कुरुक्षेत्र में सजेगा 'हरियाणा सुपर 100' मेधावियों का मेला, 19 अप्रैल से लेवल-2 परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने के लिए 'हरियाणा सुपर 100' कार्यक्रम के लेवल-2 की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शिक्षा सदन, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए यह प्रवेश परीक्षा तीन अलग-अलग बैचों में 19 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा सरकार के विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और मेडिकल कॉलेजों जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग और आवासीय सुविधा प्रदान करना है। विनोद कौशिक ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि कुरुक्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का हिस्सा बनें और देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाकर जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. तरसेम कौशिक ने पूरी जानकारी दी है।

### आधार कार्ड, 5 फोटो, 10वीं बोर्ड और सुपर 100 के एडमिट कार्ड लाना जरूरी

विद्यार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, 5 फोटो, 10वीं बोर्ड का एडमिट कार्ड और सुपर 100 के दोनों स्तरों के एडमिट कार्ड के साथ-साथ निजी उपयोग की वस्तुएं जैसे कपड़े, तौलिया, नोटबुक और पेन लाना अनिवार्य है। प्रबंधन द्वारा कैंपस में मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और अनुशासन का उल्लंघन करने पर छात्र को तुरंत अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।


### पहले बैच में हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, फरीदाबाद, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, पलवल और नूंह-मेवात के छात्र भाग लेंगे

जहां पहले बैच में 19 से 21 अप्रैल तक हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, फरीदाबाद, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, पलवल और नूंह मेवात के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। दूसरे बैच में 22 से 24 अप्रैल तक जींद, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद, सोनीपत, रोहतक, झज्जर के विद्यार्थी शामिल होंगे। अंतिम बैच में 25 से 27 अप्रैल तक गुरुग्राम, कैथल और करनाल कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, पंचकूला और अंबाला के छात्र अपनी मेधा का परिचय देंगे। डॉ. कौशिक ने बताया कि कुरुक्षेत्र से सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा के लिए 76 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि वे अपने ही जिले में होने वाली इस परीक्षा का पूरा लाभ उठाएं और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लें क्योंकि सुपर 100 कार्यक्रम में उनका चयन जिले का गौरव बढ़ाएगा। डॉ. कौशिक ने बताया कि पंजीकरण के लिए सुबह 9 बजे पहुंचना अनिवार्य है और चयनित छात्रों को कैंपस में ही तीन दिनों तक प्रवास करना होगा, जहाँ उनके रहने और खाने की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

## रोस्ट्रम प्रतियोगिता में सिमरन ने मारी बाजी

### केयू में रोस्ट्रम-2026 में छात्रों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता रोस्ट्रम-2026 के अंतिम चरण का सफल आयोजन शुक्रवार को सीनेट हॉल में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. ए.आर चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रोस्ट्रम केवल एक भाषण प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का सशक्त मंच है। प्रतियोगिता में सिमरन (एमए अर्थशास्त्र द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, अदिति शुक्ला (एम.एससी. भूगोल) ने द्वितीय तथा ईशु शर्मा (एमएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि जब युवा अपने विचारों को स्पष्टता, तर्क और आत्मविश्वास के साथ व्यक्त करना सीखते हैं, तभी वे समाज और राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। प्रतियोगिता के समन्वयक प्रो. ओमवीर सिंह तथा संयुक्त समन्वयक डॉ. सलोनी पवन दीवान ने बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले तीन महीनों से तीन चरणों में आयोजित की जा रही थी, जिसके अंतिम दौर में 21 शिक्षण विभागों के 24 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पैरा एथलीट्स, डिजिटल इकोनॉमी, नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी, गीता दर्शन, महिला उद्यमिता तथा ड्रोन युग में एयरस्पेस प्रबंधन जैसे समकालीन विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप

### टेक्नोलॉजी-इंटरनेशनल अनुभव का होगा संगम

**करनाल।** क्रिकेट ट्रेनिंग में आधुनिक बदलाव लाने के उद्देश्य से एआई आधारित स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म काबुनी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को सुपर कोच नियुक्त किया है।

कंपनी के फाउंडर एवं सीईओ निमेश पटेल ने बताया कि वॉटसन के जुड़ने से खिलाड़ियों को तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ मैदान का वास्तविक अनुभव भी मिलेगा। यह प्लेटफॉर्म खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती, रणनीति और दबाव में प्रदर्शन करना भी सिखाएगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य हर खिलाड़ी तक प्रोफेशनल कोचिंग पहुंचाना है, चाहे वह किसी भी स्तर या स्थान से हो।

### श्रीकृष्ण आयुष विवि में कुशलम् कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आज शनिवार को कुशलम्-कार्यक्रम (लीडरशिप कार्यक्रम) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि एनआईए जयपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजीव शर्मा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में आयुष विश्वविद्यालय के शिक्षक भाग लेंगे,जिनके लिए 5 समूह बनाए गए हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. कृष्ण कुमार ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में होने वाले इस लीडरशिप कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, निर्णय लेने की क्षमता और प्रभावी संचार कौशल को विकसित करना है।

### 26 को परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में धारा 163

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकुला द्वारा कुरुक्षेत्र जिले में आयोजित होने वाली एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) और अन्य संबद्ध सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षाओं के दौरान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू रहेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया जाता है तो उसे भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडित किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) और अन्य संबद्ध सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षाओं के दौरान तनाव, असुविधा, बाधा, अव्यवस्था उत्पन्न ना हो।

### निदेशक माध्यमिक शिक्षा से मिला प्रतिनिधिमंडल

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार बाद दोपहर राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निम्बड़िया के नेतृत्व में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित बैठक में सम्मिलित हुआ। बैठक सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में विभाग में रोस्टर रजिस्टर लागू करने की मांग पर निदेशक महोदय ने शीघ्र विभागीय बैठक बुलाकर रोस्टर रजिस्टर लगाने एवं उसे नियमित रूप से संधारित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। प्रथम एवं द्वितीय पदोन्नति/वित्तीय श्रेणियों में आरक्षण के विषय पर निदेशक ने संघ से विस्तृत प्रतिनिधित्व पत्र देने का आग्रह किया।

## अधिकारी फील्ड में रहकर निरंतर निगरानी करें : गुप्ता

### एसडीएम ने फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

- फसल अवशेषों की आगजनी की घटनाओं में जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने अपने कार्यालय में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, बिजली निगम, पशुपालन विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फील्ड में रहकर निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गांवों में समय-समय पर पेट्रोलिंग करें ताकि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लग सके। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुसार सरकार द्वारा इस वर्ष फसल अवशेषों की आगजनी की घटनाओं में जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर नजर रखने के लिये सैटेलाइट तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों में गेहूं की फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं, बल्कि उनका समुचित प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है तथा फसल अवशेष जलाने से पैदावार पर भी असर पड़ता और उत्पादन लागत अधिक व आमदनी कम हो जाती है। फसल अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान होता है। फसल अवशेष जलाने से शत-प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है तथा इसके साथ-साथ जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है।



इंद्री। एसडीएम कार्यालय इंद्री मे अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ।

### उपजाऊ शक्ति कम

बैठक में खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कांबोज ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम होने के साथ-साथ भूमि की उपरी सतह पर उपस्थित लाभदायक कीट नष्ट हो जाते है। इसके साथ-साथ हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को मिट्टी में दबाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और फसल की पैदावार में भी बढ़ोतरी होती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना का दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 तथा सपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत दण्ड का प्रावधान किया गया है।

## वैशाख अमावस्या पर श्री कृष्ण गोशाला में हुआ हवन



- स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

श्री कृष्ण गऊशाला के देवधाम में वैशाख अमावस्या के अवसर पर धार्मिक वातावरण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यह अनुष्ठान स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में संपन्न हुआ, जहां हर माह अमावस्या और पूर्णिमा पर हवन करने की परंपरा निभाई जा रही है।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में अमित गुप्ता और आशीष गुप्ता ने यजमान के रूप में भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन कुंड की परिक्रमा कर सामूहिक आरती की और प्रसाद ग्रहण किया।

गऊशाला के कार्यकारी प्रधान डॉ. एसके गोयल ने कहा कि गाय को मां का दर्जा दिया गया है, इसलिए उसकी सेवा और सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि गऊशाला में सेवकों की टीम 24 घंटे गौसेवा में लगी रहती है।

महासचिव राम कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि गऊशाला में गौवंश चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है, जहां बीमार और घायल पशुओं का निशुल्क इलाज किया जाता है। उन्होंने अन्य गऊशालाओं और सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया कि जरूरतमंद गौवंश को उपचार के लिए यहां लाया जाए।

## राजकीय महाविद्यालय में लगे शिविर मे 71 यूनिट रक्त एकत्रित

- पार्षद सेठपाल वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी में रेडक्रॉस समिति के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें कुल 71 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया । कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम में मनोनीत पार्षद सेठपाल वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इस पुनीत कार्य की सराहना की। सिविल अस्पताल करनाल से आई चिकित्सकीय टीम ने रक्त एकत्रित किया । इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित कई प्राध्यापकों ने स्वयं रक्तदान कर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

रक्तदाताओं में प्रमुख रूप से प्रो. महेंद्र सिंह बागी, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. दीपा शर्मा, प्रो. निर्मल, प्रो. रणबीर सिंह, प्रोफेसर रमेश कुमार, प्रो. गुलाब, सुमित, हरीश, रचना, कृष्ण, रमन एवं जसवीर शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन में प्रो. मीरा कश्यप, प्रदीप भारतीय, डॉ. ममता पोसवाल, शालिनी अग्रवाल एवं डॉ. लक्ष्मी ने किया ।



इंद्री। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते सेठपाल वर्मा व महाविद्यालय के प्रोफेसर।

### गेहूं भुगतान में देरी पर भड़के किसान, सरकार को दी चेतावनी

**करनाल।** हरियाणा में गेहूं खरीद के बाद भुगतान में देरी को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 48 से 72 घंटे में भुगतान का किया गया वादा जमीनी स्तर पर पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को गेहूं की पेमेंट के लिए 8 से 10 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ रहा है। पहले से कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को खाद, बीज और दवाइयों के बढ़ते दामों ने और परेशान कर दिया है। फसल का पैसा ही किसानों के लिए अगली फसल की तैयारी का आधार होता है। इसी से बीज, खाद, दवाइयां, डीजल, बिजली बिल और मजदूरी का खर्च पूरा किया जाता है। ऐसे में भुगतान में देरी किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से कमजोर कर रही है।

## दमकल कर्मचारियों की हड़ताल को मिला व्यापक समर्थन

- कर्मचारी संगठनों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

दमकल कर्मचारियों की जारी हड़ताल को अब विभिन्न कर्मचारी और मजदूर संगठनों का समर्थन मिलने लगा है। सेक्टर-4 स्थित दमकल केंद्र पर चल रहे धरने में शुक्रवार को कई संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे।

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान संदीप त्यागी ने की। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवाराम बड़सर, सीटू के जिला प्रधान बिजनेश राणा, आंगनवाड़ी यूनियन की नेता कांता शर्मा और एसपी त्यागी ने समर्थन दिया। नेताओं ने कहा कि जान जोखिम में डालकर काम करने वाले कर्मचारियों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



करनाल। धरने को संबोधित करते हुए वक्ता।

### ये रहे मौजूद

जिला प्रधान संदीप त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धरने के दौरान धर्मबीर (कैशियर), तारा चंद, सुखबीर, रजनीश, सुरेंद्र, भूपेंद्र, राजेश, कर्ण सिंह और विक्रम पूनिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लाल डोरा शिविर में उमड़ी भीड़, 80 ने जमा किए

- सत्यापन के बाद निगम देगा संपत्ति प्रमाण पत्र

**करनाल।** नगर निगम करनाल द्वारा वार्ड नंबर-2 के गांव बूढ़ाखेड़ा स्थित गुरुद्वारा में लाल डोरा क्षेत्र के निवासियों के लिए विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें विभिन्न वार्डों से करीब 80 लोग पहुंचे और अपने दस्तावेज जमा करवाए। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रॉपर्टी शाखा की टीम ने मौके पर ही फॉर्म वितरित कर आवेदन प्रक्रिया पूरी करवाई। जिन नागरिकों के दस्तावेज अधूरे रहे, उन्हें सोमवार को निगम कार्यालय के कमरा नंबर-114 में सभी जरूरी कागजात के साथ बुलाया गया है। लोगों को आवश्यक दस्तावेजों की पूरी जानकारी भी मौके पर दी गई।

आयुक्त के अनुसार अब जमा दस्तावेजों की जांच के बाद एनडीसी पोर्टल पर डाटा अपडेट किया जाएगा और सत्यापन पूर्ण होने पर पात्र नागरिकों को संपत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक 6989 संपत्तियों का स्व-सत्यापन हो चुका है और 2066 लोगों को प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं। शेष लोगों को भी जल्द लाभ मिलेगा। शपथ पत्र, 10 साल के बिजली-पानी बिल, पहचान पत्र (ईपीआईसी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि), संपत्ति कर रसीद, कब्जे के प्रमाण सहित कम से कम दो दस्तावेज अनिवार्य हैं।

### 21 को 3.27 लाख बच्चों, महिलाओं को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस 21 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत एक से 19 वर्ष तक के बच्चों, किशोरों और 20 से 24 वर्ष तक की महिलाओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। जिले में करीब 3.27 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों की प्रार्थना सभाओं में विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति के प्रति जागरूक किया जाए।

## 30 तक पोर्टल के माध्यम से भरें अपने परिवार का विवरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकेंगे। आमजन 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल एसई डॉट सीईएनयूएस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे।

स्व गणना के माध्यम से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं प्रस्तुत कर सकते हैं। यह खासकर उन लोगों के लिए है जो किसी कार्यवश दिनभर अपने घरों से दूर रहते हैं।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना 2027 को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वयं भी स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरा। उन्होंने कहा कि यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा। इसे 1 से 30 मई 2026 तक कराया जाना प्रस्तावित है। इस चरण के अंतर्गत गांवों एवं शहरों के आवासीय, गैर-आवासीय तथा सह-आवासीय भवनों की गणना की जाएगी। इसी प्रकार दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 9 से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### सेक्टर-9 में 19 को होगा अंबेडकर जयंती समारोह



**करनाल।** भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ द्वारा 19 अप्रैल को सेक्टर-9 स्थित वाल्मीकि भवन में अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रधान अमित वाल्मीकि ने पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। इसमें विधायक जगमोहन आनंद मुख्य अतिथि और मेयर रेणु बाला गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगी। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, राज्य सूचना आयुक्त संजय मदान, पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा, सुभाष चंद्र, सुनीता अरडाना, आजाद सिंह, जोगिंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर उपप्रधान रतन बोहत, अमित, अशोक वैद्य, महासचिव सोनू बोहत, कोषाध्यक्ष राजपाल चौहान, भारत ढिलौड, दीपक कुमार, राजेंद्र, रोकी, विक्रम, अनुज वैद्य, पालाराम, सतबीर, राकेश, कदम सिंह, कीर्तिमान व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।

### महिलाओं को योजनाओं की दी जानकारी



**करनाल।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत जिले के गढ़ी जाटान, बल्ला, मोहड़ी जागीर, कतलाहेड़ी, कोयर, रायपुर जाटान और जुंडला गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल ने बताया कि इन कार्यक्रमों में लोकगीतों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कलाकारों ने महिला आरक्षण, ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना और सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। इन कार्यक्रमों से महिलाओं में जागरूकता बढ़ रही है और वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आ रही हैं।

### कोर्ट का फैसला साबित होगा मील का पत्थर : तंवर

**कुरुक्षेत्र।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने बारे दिए गए फैसले का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कौशल रोजगार निगम के प्रधान गुरदीप तंवर जोरदार स्वागत किया तथा इसे ऐतिहासिक करार दिया तथा समस्त संघ कार्यकारिणी ने अपार खुशी प्रकट की। प्रधान गुरदीप तंवर ने कहा यह फैसला कच्चे कर्मचारियों के हितों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जिस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि लगातार 10 साल से सेवाएं देने वाले कर्मियों को नियमित होने का पूरा हक है। ऐसे मे उन्होंने सरकार से तुरंत मांग की हे कि कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को भी सरकार नियमित करे जिन्होंने अपनी सर्विस लगातार दस साल पूरी की हो और अभी भी सेवा में है। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार सभी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत काम कर रहे सभी कर्मचारियों को सामान काम सामान वेतन का लाभ तुरंत दिया जाए।

## लाखों की लागत से बनेगा आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल

**पिहोवा।** पिहोवा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने की ओर एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं को मजबूत एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका (एमसी) पिहोवा कार्यालय के निकट आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल तथा अत्याधुनिक फर्नीचर के निर्माण के लिए 152.16 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से पिहोवा के प्रशासनिक ढांचे को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर बैठकों, योजनाओं एवं जनहित कार्यों को अधिक व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सकेगा। साथ ही, यह सुविधा पिहोवा को जिला स्तरीय सुविधाओं के समकक्ष विकसित करने की दिशा में एक मजबूत और प्रभावी कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छोटे शहरों और कस्बों को भी आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। इसके साथ ही शहरी स्थानीय निकाय विभाग, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र एवं संबंधित अधिकारियों की कार्यकुशलता, पारदर्शिता और तत्परता की भी सराहना की गई, जिनके सहयोग से यह महत्वपूर्ण स्वीकृति संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि पिहोवा के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्र के लिए कई नई एवं महत्वपूर्ण परियोजनाएं लाई जाएंगी, जिससे आमजन को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया गया।

### कल मनाई जाएगी अक्षय तीज, इस दिन कार्य देते हैं अक्षय फल

## अक्षय तीज शुभ कार्यों के लिए है श्रेष्ठः मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष और वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। वैदिक और पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है क इसी कारण इसे अक्षर तृतीया या अक्षय तीज कहा जाता है। पंचांग दिवाकर के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 , रविवार को प्रातः 10 बजकर 50 तक मिन्ट बाद कृतिका नक्षत्र और आयुष्मान योग में मनाई जाएगी क्योंकि तृतीया तिथि 20 अप्रैल 2026, सोमवार को 7 बजकर 28 मिनट तक है जो कि तीन मुहूर्त से कम है। पुराणों और शास्त्रों के अनुसार सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ इसी तिथि से हुआ है।

भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम जी का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था क ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव भी इसी दिन हुआ था। इस दिन श्री बद्रीनाथ जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है और श्रीलक्ष्मी नारायण के दर्शन किए जाते हैं। प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बद्रीनारायण के कपाट भी पुनः खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्रीबांके बिहारी जी मन्दिर में भी केवल अक्षय तीज को श्री विग्रह के चरण दर्शन होते है, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढके रहते है। महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था और द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था।

### धार्मिक मान्यताओं के अनुसार क्या करें ?

अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर समुद्र या गंगा स्नान करने के बाद भगवान विष्णु की शांत चित्त होकर विधि विधान से पूजा करने नियम है। नैवेद्य में जौ या गेहूँ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित किया जाता है क तत्पश्चात फल, फूल, बर्तन, तथा वस्त्र आदि दान करके ब्राह्मणों को दक्षिणा दी जाती है क ब्राह्मण को भोजन करवाना कल्याणकारी समझा जाता है। इस दिन सत्तू अवश्य खाना चाहिए तथा नए वस्त्र और आभूषण पहनने चाहिए। गौ, भूमि, स्वर्ण पात्र इत्यादि का दान भी इस दिन किया जाता है।। यह तिथि वसंत ऋतु के अंत और ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ का दिन भी है इसलिए अक्षय तृतीया के दिन जल से भरे घड़े, कुल्हड़, सकोरे, पंखे, खड़ाऊँ या चप्पल-जूता , छाता, चावल, नमक, घी, खरबूजा, ककड़ी, चीनी, साग, इमली, सत्तू आदि गर्मी में लाभकारी वस्तुओं का दान पुण्यकारी माना गया है।

## खबर संक्षेप

### हादसे में पिता की मौत पुत्र गंभीर रूप से घायल

**पानीपत।** पानीपत-रोहतक हाईवे पर एनसी मेडिकल कॉलेज व नई अनाज मंडी के बीच सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजेंद्र निवासी गांव बाल रांगडाना जिला करनाल की मौत हो गई। जबकि इसका पुत्र हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। हर्ष पीजीआई, रोहतक में उपचाराधीन है। दूसरी ओर, इसराना थाना पुलिस ने राजेंद्र के पुत्र अंकित की शिकायत पर ट्रैक्टर के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद राजेंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### पहले कोर्ट में, फिर अस्पताल में पीटा

**पानीपत।** पानीपत के कोर्ट परिसर में तलाश के केस की सुनवाई के लिए आए जमाई व इसके भाई को सुसराल वालों ने दौडा-दौडा का पीटा। दोनों मारपीट में घायल हो गए। वहीं कोर्ट में उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया। इधर, मारपीट में घायल दोनों भाई सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए पहुंचे तो सुसराल वाले वहां भी पहुंच गए और दोनों को बुरी तरह से पीटा। मारपीट की इस घटना से अस्पताल में उपस्थित रोगी व इनके तिमारदार सहम गए। दोनों भाइयों ने जैसे तैसे सुसरालियों से जान बचाई। इधर, थाना सिटी पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अखिल भारतीय किसान सभा ने ज्ञापन दिया

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा ने गांव बुआना लाखु में आग में जली गेहूं की फसल के लिए पीडित किसानों को 80 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। स्मरणीय है कि 10 अप्रैल को हुई इस घटना में दो दर्जन से अधिक किसानों की लगभग 90 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। मंत्री कृष्ण पंवार भी पीडित किसानों को मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दे चुकी है। वहीं किसान सभा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मलिक, दिलावर राठी, राजपाल, रोहतास मलिक, एसए खान, सीताराम शर्मा, रणधीर चमराडा, ईश्वर सिंह बिजावा ने एसडीएम इसराना को ज्ञापन देकर मुआवजा दिलवाने की अपील की है।

### पुलिस ने मारपीट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने लाखू बुआना गांव में अड्डे पर का रास्ता रोककर चोट मारने के तीन आरोपियों को धर दबोचा है। इनकी पहचान दीपक निवासी गांव लाखु बुआना, मंजीत व गोरड़ निवासी रोहित के रूप में हुई है। थानेदार इसराना महिपाल ने बताया कि मारपीट के मामले में थाना इसराना में गांव बुआना लाखू गांव निवासी सुमित पुत्र महाबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने नशे के विरूद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत पुलिस टीम ने शुक्रवार को नांगल खेड़ी गांव के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को नशे की लत के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### महिला आरक्षण बिल का विरोध किया

**पानीपत।** जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष पायल और सचिव दीपिका ने कहा कि मोदी सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन अभ्यास के माध्यम से संसद और राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या में वृद्धि के साथ महिला आरक्षण को जोडऩे का एक नया प्रस्ताव लेकर आई है। इस तरह का कदम गंभीर चिंताएं पैदा करता है। वहीं, समिति इस का विरोध करती है।

### वार्ड 11 में श्री शिव कथा का हुआ समापन

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड 11 में स्तिथ श्री महाबीर कम्युनिटी सेंटर में श्री शिव कथा को विशाल भंडारे के साथ विराम दिया गया। वहीं, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी रितु भारती ने अपने प्रवचनों में बताया कि भगवान शिव व मां पार्वती की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री शिव कथा का श्रवण किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### विधायक प्रमोद ने भूमि पूजन कर पुल निर्माण का शुभारंभ किया

# जाटल रोड पर 23 करोड़ से बनेगा पुल, सरपट भागेंगे वाहन

- शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात सुगम होगा, समय भी बचेगा
- असंध रोड और गोहाना रोड जाने में भी समय की बचत होगी वहीं, पुल के निर्माण पर 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्य दो साल में पूरा होगा


**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज, जाटल रोड पुल की नींव रखते हुए।

**शुक्रवार को परियोजना का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर को यातायात जाम से निजात दिलाने की दिशा में विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से एक और परियोजना का शुभारम्भ हो गया है। शुक्रवार को परियोजना का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कोमल सैनी, दिनेश सैनी, पार्षद नेहा योगेश शर्मा, संजीव दहिया, तरुण गांधी, रॉकी गहलोत, अनिल मदान, कमल अरोड़ा, सांची तनेजा, नवल जिंदल, प्रीतम गुर्जर, अशोक कटारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, चेतन तनेजा, सुनील सोनी, प्राण रत्नाकर की मौजूदगी में परियोजना की आधारशिला रखी गई। इधर, विधायक विज ने बताया कि पुल बनने से मॉडल टाउन, आठ मरला कॉलोनी, क्रांति नगर, विराट नगर, एम्पीरियम, न्यू मॉडल टाउन, शांति नगर, मुखीजा कॉलोनी, आरके पुरम, सतकरतार नगर, गुरु तेग बहादुर कॉलोनी व आसपास सहित शहर से बाहर निकलने वाले वाहन चालकों को भी काफी सुविधा होगी। इसके साथ-साथ शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात सुगम तो होगा ही असंध रोड और गोहाना रोड जाने में भी समय की बचत होगी। वहीं, पुल के निर्माण पर 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्य दो साल में पूरा होगा।पानीपत शहर को यातायात जाम से निजात दिलाने की दिशा में विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से एक और परियोजना का शुभारम्भ हो गया है।


**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया एचसीएस परीक्षा को लेकर बैठक करते हुए।

## पानीपत में 19 केंद्रों पर कराई जाएगी एचसीएस की परीक्षा

- डीईओ को बनाया कॉर्डिनेटर व नोडल ऑफिसर, 5520 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा में आयोजित होने वाली एचसीएस (एक्स-बीआर) एवं अन्य संबद्ध सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा तथा नीट परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा परीक्षा प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। दूसरी ओर, डीसी डॉ दहिया ने बताया कि जिले में दोनों परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, एचसीएस की परीक्षा के लिए जिले में कुल 19 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां लगभग 5520 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

**सुरक्षा पर चर्चा**

दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक सिस्टम और मोबाइल जैमर लगाए जाएंगे। जबकि फ्रिस्किंग व बैगेज मैनेजमेंट के लिए अधिकृत एजेंसियों की तैनाती भी की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पेपर वितरण के लिए स्टेशन ऑफिसर नियुक्त किए जाएंगे। जबकि परीक्षा से पूर्व नोडल अधिकारियों, केंद्र अधीक्षकों, ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं अन्य संबंधित अधिकारियों भी बैठक करेंगे। बैठक में एडीसी अंकित चौकसे, एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ किरण, डीईओ राकेश बूरा, जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम को पत्र लिखा

**पानीपत।** पानीपत के विकास नगर निवासी सोनिया ने अपने पति सुरेंद्र कुमार को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में न्याय की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी, राज्यपाल व पुलिस महानिदेशक को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

## स्पिनिंग मिल मजदूरों ने प्रदर्शन कर वेतन वृद्धि की मांग की, आंदोलन की दी धमकी

- पानीपत में लगभग 20 हजार औद्योगिक इकाइयों में साढे तीन लाख मजदूर करते हैं काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** वेतन वृद्धि की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए मजदूर।

इंडस्ट्रीयल वर्कर यूनियन के नेतृत्व में टेक्सटाइल उद्योग के अंदर न्यूनतम वेतन में वृद्धि और श्रम कानून लागू करवाने की मांग को लेकर हाली पार्क में स्पिनिंग उद्योग के मजदूरों ने विशाल रोष प्रदर्शन किया। मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त कहा कि पानीपत में लगभग 20 हजार से ज्यादा छोटी बड़ी औद्योगिक इकाइयों में साढे तीन लाख मजदूर कार्य करते हैं। बहुमत लगभग 90 प्रतिशत प्रवासी मजदूर हैं। उद्योगों के मलिक तमाम श्रम कानून की धज्जियां उड़ाकर उद्योगों में जंगल राज चला रहे हैं। मजदूरों को जरूरी सुविधाएं भी नहीं मिल पाती। पिछले 10 वर्षों से बीजेपी केंद्र व राज्य में सत्ता पर आई है मजदूरों के न्यूनतम वेतन में चार अप्रैल से पहले किसी भी तरह की बढ़ोतरी नहीं की गई। यूनियन के प्रधान जय भगवान, सचिव रामकुमार यादव, कोषाध्यक्ष नवीन सपरा ने भी मजदूरों को संबोधित किया। न्यूनतम वेतन व श्रम कानून लागू करने के लिए ज्ञापन अधिकारी को देते हुए चेतावनी दी गई है कि शीघ्र कार्रवाही नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### चलती ट्रेन से गिर कर यूपी के युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर चलती ट्रेन से गिरने से 34 वर्षीय अजय कुमार हाल निवासी चंडीगढ, मूल निवासी फर्रुखाबाद की मौत हो गई। अजय चंडीगढ में प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था और ट्रेन से फर्रुखाबाद जा रहा था। दूसरी ओर, जीआरपी की सूचना पर परिजन फर्रुखाबाद से पानीपत के सिविल अस्पताल में पहुंचे। परिजनों ने अजय के शव की शिनाख्त की। वहीं, परिजनों का आरोप है कि अजय के पास उसका बैग और मोबाइल फोन नहीं है, उसकी जेब से मात्र डेढ सौ रुपए मिले हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि लूट के बाद अजय को चलती ट्रेन से फैंका गया है। इधर, जीआरपी ने अजय की मौत के केस की जांच शुरू कर दी है।

## किसानों के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव कर रही भाजपा सरकार : भूपेंद्र

- नेता विपक्ष ने कांग्रेस विरोधी गतिविधि करने वाले विधायकों से इस्तीफा मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** पानीपत में कांग्रेसी नेता डॉ कर्ण सिंह के आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए भूपेंद्र हुड्डा।

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा सरकार, किसानों से अपराधियों जैसा बर्ताव कर रही है। हुड्डा ने आरोप लगाया कि किसान जब मंडी में अपना अनाज लेकर पहुंचता है, उसकी अनगिनत तरीके से जांच पड़ताल की जाती है। पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की शर्त थोपी गई और फिर गेट पास, उसके बाद बायोमेट्रिक, ट्रेक्टर नंबर, वेरिफिकेशन और गारंटर जैसी अनगिनत शर्तें किसानों पर थोप दी गईं हैं। यही वजह है कि मंडी में फसल की आवक जोरों पर है, लेकिन खरीद ना के बराबर हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश भर की मंडियों में गेहूं, सरसो व किसान दुर्गति हो रही है। हुड्डा, शुक्रवार को कांग्रेसी नेता डॉ करण सिंह कादयान के आवास पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधि करने वाले विधायकों को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। क्योंकि उन्होंने सिर्फ कांग्रेस के साथ नहीं, बल्कि उस जनता के साथ भी धोखा किया है, जिसने उन्हें बीजेपी के खिलाफ जितवाकर विधानसभा भेजा था। वहीं, हुड्डा ने कहा कि चार कांग्रेस विधायकों के वोट साजिश के तहत कैंसिल किए गए। इसके खिलाफ पार्टी चुनाव आयोग के साथ कोर्ट में भी जा रही है। महिला आरक्षण को लेकर हुड्डा ने कहा कि इसे 2024 चुनाव में ही लागू कर देना चाहिए था, लेकिन बीजेपी जानबूझकर इसे टाल रही है।

**प्रो डॉ. संजीव अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि**

## एसडी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय कांफ्रेंस आज : अरोड़ा


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड प्रेस वार्ता करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित 18 मार्च को आयोजित होने वाली एक दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आगाज मुख्य अतिथि प्रो डॉ संजीव अग्रवाल डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं प्रोफेसर भौतिकी विभाग कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी करेंगे। वहीं, कांफ्रेंस में प्रो डॉ एसके चहल डीन फैकल्टी ऑफ़ सोशल साइंस एवं प्रोफेसर इतिहास विभाग कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, प्रो डॉ दिनेश धधिची, डॉ विकास सभरवाल, प्रो डॉ संजय अरोड़ा, कैप्टन डॉ सुनैना सिंह शिरकत करेंगी। उपरोक्त जानकारी प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा ने दी।

## चरखे पर सूत कात कर किया सोमभाई को नमन

- स्वतंत्रता सेनानी, खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष थे दत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** स्वतंत्रता सेनानी सोमभाई की याद में सूत कातते हुए गांधीवादी। फोटो : हरिभूमि

खादी जगत को बढावा देने वाले, स्वतंत्रता सेनानी, खादी ग्रामोद्योग आयोग पूर्व अध्यक्ष व गुरूकुल कांगड़ी हरिद्वार के पूर्व उप कुलपति, खादी आश्रम एवं विद्या भारती मॉडर्न स्कूल, पानीपत के संस्थापक स्व. सोम दत्त शर्मा उर्फ सोमभाई को उनकी पुण्यतिथि पर गांधीवादी कार्यकर्ताओं ने चरखे पर सूत कात कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इधर, खादी आश्रम के सोमभाई की याद में संजय शास्त्री ने यज्ञ किया। यज्ञ में विद्या भारती मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी एवं स्टाफ, रचनात्मक एवं खादी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं के साथ नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने सोमभाई को नमन करते हुए यज्ञ में आहुति दी। दूसरी ओर, खादी आश्रम पानीपत एवं भारतीय खादी ग्रामोद्योग संघ उत्तरी क्षेत्र पानीपत की अध्यक्ष निर्मल दत्त ने बताया कि सोमभाई के त्यागी, संघर्षशील, खादी, शिक्षा, गौसेवा को समर्पित जीवन की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, खादी आश्रम पानीपत के मुकेश कुमार शर्मा, विद्या भारती मार्डन स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी, खादी आश्रम करनाल के सचिव ओमप्रकाश, जगदीप चन्द, अजीत पाल, प्राकृतिक चिकित्सक डा.अमित, ईशपाल सिंह, ईश्वर पाल, रोशन लाल, शालिनी आदि ने सोमभाई को नमन किया।

**12 लाख से अधिक प्रतिभागी**

## माय भारत बजट क्वेस्ट में छाई मुस्कान इंसा


मुस्कान इंसा।

**पानीपत।** माय भारत के तहत हिसार में आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट पानीपत की मुस्कान इंसा ने फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेताओं में अपना नाम दर्ज करवाया। वहीं, इस प्रतियोगिता में देशभर से 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मुस्कान इंसा ने कहा इस उपलब्धि का पूरा डेरा सच्चा सौदा को जाता है। डेरा से मिली शिक्षाओं की प्रेरणा, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे माय भारत बजट क्वेस्ट में विजेता बनी।

## न्यूज डायरी

### किसानों को दी जाएगी 75 फसदी तक सब्सिडी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीट नियंत्रण के आधुनिक साधनों को अपनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा एकीकृत कीट प्रबंधन योजना के तहत किसानों को विभिन्न उपकरणों एवं तकनीकों पर 75 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करना और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देना है।

### जनगणना के प्रथम चरण को सफल बनाने को बैठक

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। वहीं, हरियाणा में जनगणना अभियान (एचआईओ) का पहला चरण एक से 30 मई तक संचालित किया जाएगा। वहीं, 30 अप्रैल तक स्वयं-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा ऑनलाइन पोर्टल एसईडॉटसेन्ससडॉटजीओवीडॉटइन पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा नागरिकों को डिजिटल माध्यम से अपने विवरण स्वयं दर्ज करने का अवसर देती है, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और प्रभावी बनती है।

### बारिश से अनाज मंडियों में गपड़ा गेहूं भीगा

**पानीपत।** पानीपत व इसराना आदि अनाज मंडी के साथ साथ खरीद केन्द्रों पर खुले में पडे व पैकिंग के बाद भी बोरियों का उठान ना होने के कारण हजारों किवंटल गेहूं भीगा गया। अनाज मंडी ओर खरीद केन्द्रों पर किसान से लेकर आढ़तियों तक को परेशान आ रही है। बार बार प्रशासन ओर खरीद एजेंसियों को अवगत करवाने के बावजूद खरीदी हुई गेहूं का उठान नहीं हो रहा है। आढ़तियों का कहना है उठान ना होने के कारण मंडी में गेहूं डालने की परेशानी हो रही है। वहीं जब तक उठान नहीं होगा किसानों के खाते में पेमेंट नहीं आयेंगी।

**सेमिनार** महिला विरुद्ध अपराध, पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी

# महिलाओं व बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की त्वरित जांच करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** पुलिस विभाग के सेमिनार को संबोधित करते सहायक जिला न्यायवादी सतेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

पानीपत पुलिस विभाग में नियुक्त महिला अनुसंधान अधिकारियों को तीन नए कानूनों तथा महिला विरुद्ध अपराध और पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी जिला सचिवालय में आयोजित सेमिनार में दी गई। सेमिनार में डीएसपी महिला विरूध अपराध नवीन संधू, उप जिला न्यायवादी अश्वनी ओहल्याण व सहायक जिला न्यायवादी सतेंद्र कुमार व रमन चौधरी ने सेमिनार में अनुसंधान अधिकारियों को जागरूक किया। अश्वनी ओहल्याण ने महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, छेड़छाड़ एवं साइबर अपराधों जैसे विभिन्न विषयों पर जांच करते समय प्रत्येक साक्ष्य का वैधानिक तरीके से संकलन एवं संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिससे न्यायालय में मामलों की सशक्त पैरवी की जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं साक्ष्य आधारित जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी महिला अनुसंधान अधिकारियों को बताया कि कानून के प्रति सजग रहते हुए पीड़ितों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार अपनाएं। रमन चौधरी ने पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बालकों के संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों की रिपोर्टिंग, पीड़ित का बयान दर्ज करने की प्रक्रिया, मेडिकल परीक्षण, चार्जशीट तैयार करने तथा न्यायिक प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सतेंद्र कुमार ने पॉक्सो एक्ट व महिला संबंधित अपराधों में अनुसंधान के बारे में विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान रखने वाली जानकारी दी। अधिकारियों को बताया कि पॉक्सो एक्ट के मामलो में पीड़िता के 183 बीएनएस के बयान अनिवार्य रूप से करवाए जाएं।

**न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत!**

**रघुनाथ पुत्र श्री सावन मल निवासी मकान नम्बर 13. शान्ती नगर पानीपत**
**बनाम**
जनरल पब्लिक!
हर आम व खास को सूचित किया जाता है सावन मल पुत्र श्री रामदिता मल निवासी मकान नम्बर 13, शान्ती नगर पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता सावन मल पुत्र श्री रामदिता की दिनांक 30/1/2016 को मृत्यु हो चुकी है मृतक सावन मल की माता श्रीमति रामदिती की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है- यह कि सावन मल की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है हलका पटवारी एवं नगर पार्षद अंजली शर्मा वार्ड-4 द्वारा अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है
1- लक्ष्मी देवी माता 2- रवि लडका - रघुनाथ लडका 4- नीरज लडका 5 श्रीमति रूकमनी लडकी 6- रजनी लडकी 7- अंजू लडकी है
मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है इनके इलावा मृतक सावन मल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा !
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
**हस्ता/- न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत!**

## खबर संक्षेप

### चोरी के तीन आरोपी काबू, 35 हजार जब्त

अंबाला। थाना अंबाला शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शोरूम जनता फर्नीचर अंबाला शहर से नकदी, चांदी की मूर्ति व लैपटॉप चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को काबू किया है। शिकायतकर्ता जगतार सिंह ने 12 नवंबर 2025 को शिकायत में बताया था कि 11 नवंबर 2025 की रात्रि आरोपियों ने उसके शोरूम जनता फर्नीचर से नकदी, चांदी की छोटी मूर्ति व लैपटॉप चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 35 हजार रिकवर किए है। आरोपियों की पहचान विकास, ननद व तनुज के रूप में हुई है।

### पशु चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना मुलाना क्षेत्र के गांव सालेहपुर स्थित बाड़े से भेड़ चोरी करने के मामले में आरोपी को छप्पर शाहबाद रोड से काबू किया है। शिकायतकर्ता सतीश कुमार ने 5 अप्रैल 2026 को शिकायत में बताया था कि आरोपियों ने गांव सालेहपुर स्थित उसके बाड़े से 15 भेड़ चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना मुलाना में मामला दर्ज किया था। मामले में संलिप्त अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पहले आरोपी हाकम वासी जींद से वारदात में प्रयुक्त कार व नकदी बरामद की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बतलाया था कि आरोपी अरुण कुमार भी इस मामले में संलिप्त है। अब आरोपी ने अरुण कुमार निवासी गांव गोलनी के काबू किया है।

### मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान अपराधियों पर लगातार कड़ा शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लोहे के हथियार से वार कर चोट पहुंचाते जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता आशीष ने 14 अप्रैल को दी शिकायत में बताया था कि आरोपी सुमित ने नैब कॉलोनी में कहासुनी के दौरान उसके पिता बृजेश कुमार के ऊपर दरांतनुमा लोहे के हथियार से वार कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया है।

### इंडिगो एयरलाइंस यात्री को देगी सात हजार का हर्जाना

अंबाला। उपभोक्ता फोरम ने इंडिगो एयरलाइंस की सेवा में कोताही और यात्रियों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार पर सख्त फैसला सुनाया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एयरलाइंस को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को अतिरिक्त टिकट के पैसे और टैक्सी किराए सहित मानसिक प्रताड़ना के लिए हर्जाना दे। आयोग की अध्यक्ष नीना संधू, सदस्य रूबी शर्मा और विनोद कुमार शर्मा की पीठ ने एयरलाइंस को सेवा में दोषी पाया। निर्देश दिया कि एयरलाइंस को 26,792 रुपये और 1,000 रुपये (टैक्सी किराया) 6% ब्याज के साथ लौटाने होंगे। 7,000 मानसिक प्रताड़ना-उत्पीड़न के मुआवजे के तौर पर देने होंगे।

# नगर निगम चुनाव: 191 बूथों पर होगा चुनाव, संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर तैनात होंगे अतिरिक्त सुरक्षा बल के जवान

## डीसी ने तैयारियों की समीक्षा की अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

### सभी पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाएं व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नगर निगम चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने चुनाव को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जो हिदायतें जारी की गई है उसकी अनुपालना होनी चाहिए। चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से होने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, नगराधीश अभिषेक गर्ग मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए 191 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, रैंप व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ-साथ चुनाव के लिए जो आरओ व एआरओ लगाए गए हैं वे डिस्पैच सेंटर, कलेक्शन सेंटर, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करें ताकि यहां पर चुनाव से जुड़ी जो भी व्यवस्थाएं करनी है वह समय करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए आगे आकर अपने मत का प्रयोग करें। इसके लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथ केंद्रों पर उन्होंने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर जोर दिया। मतदान से पहले रेमांईजेशन प्रक्रिया, चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए ट्रेनिंग आयोजित करवाने बारे, आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करवाने बारे, हेल्पलाइन एवं कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ-साथ चुनाव से जुडे अन्य बिंदुओं बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



अंबाला। मीटिंग में अधिकारियों के साथ मौजूद डीसी। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने यह भी कहा कि मई माह में गर्मी के चलते इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि मतदान के दौरान सभी पोलिंग स्टेशनों पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके साथ-साथ मेडिकल किट व ओआरएस की भी व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके उन्हे भी चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने बैठक में यह भी बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त विराट को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी लगाए गए हैं ताकि महापौर के साथ-साथ पार्षद पदों के लिए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। चुनाव के तहत अतिरिक्त उपायुक्त विराट को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है वहीं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के तौर पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, तहसीलदार आदित्य रंगा व बीडीपीओ अश्वनी कुमार शामिल हैं।

## अनाज मंडी में एसडीएम ने लिया गेहूं खरीद के कार्य का जायजा

# गेहूं उठान में लगे वाहनों की होगी फिजिकल वैरिफिकेशन

### खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं की लिफ्टिंग में तेजी लाने के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

एसडीएम शिवजीत भारती ने शुक्रवार को अनाज मंडी नारायणगढ़ का दौरा कर गेहूं खरीद कार्यों का जायजा लिया। खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं की लिफ्टिंग में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आढ़तियों एवं किसानों ने लिफ्टिंग में देरी की समस्या एसडीएम के समक्ष रखी, जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने हैफेड, वेयरहाउस तथा मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्टरों द्वारा उपलब्ध करवाई गई गाड़ियों की फिजिकल वेरिफिकेशन की जाए। यदि निर्धारित संख्या से कम वाहन लिफ्टिंग में लगाए गए पाए जाते हैं तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई करते हुए पैनल्टी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि समय पर लिफ्टिंग न होने से आढ़तियों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा मंडियों में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आढ़तियों के अनुरोध पर एसडीएम ने यह भी निर्देश दिए कि गेहूं का उठान डेटवाइज किया जाए ताकि मंडियों में अनाज का अनावश्यक भंडारण न हो और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। दौरे के दौरान एसडीएम ने गेहूं की तुलाई व्यवस्था और नमी की जांच भी की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी मानकों के अनुसार केवल 12 प्रतिशत तक नमी वाले गेहूं की ही खरीद की जा सकती है। एसडीएम ने कहा कि सरकार किसानों की फसल की सुचारू और पारदर्शी खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में गेहूं की खरीद, भंडारण और लिफ्टिंग से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिफ्टिंग प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को पेयजल, बिजली, शौचालय, सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं निरंतर उपलब्ध रहें, इसकी नियमित निगरानी की जाए।

सरकार किसानों की फसल की सुचारू और पारदर्शी खरीद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध


शहजादपुर। गेहूं की तुलाई करवाती एसडीएम शिवजीत भारती। फोटो: हरिभूमि

### 2,67,382 क्विंटल गेहूं की आवक

मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि 16 अप्रैल 2026 तक अनाज मंडी नारायणगढ़, खरीद केंद्र भरेड़ी कलां एवं बेरखेड़ी में कुल 2,67,382 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में हैफेड और वेयरहाउस द्वारा, भरेड़ी कलां में वेयरहाउस तथा बेरखेड़ी में हैफेड द्वारा खरीद की जा रही है। 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है और सरकार द्वारा 2,585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जा रही है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की फसल की तुलाई इलेक्ट्रॉनिक कांटों के माध्यम से की जा रही है। मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए साफ-सफाई, पेयजल, बिजली सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली, सचिव अखिलेश शर्मा, आढती संदीप चौधरी, ओपी चानना, राहुल, सोनू, उमेश कुमार आदि आढती और किसान मौजूद रहे।

### गेहूं का उठान न होने से आढ़तियों ने की नारेबाजी, ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आना दूभर

बराड़ा। सरदेहड़ी खरीद केंद्र पर गेहूं का उठान न होने से आढ़तियों का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित आढ़तियों ने मंडी के बाहर पल्लड़ बिछाकर धरना दिया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आढ़तियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे साढ़ौरा-दोसड़का मुख्य मार्ग पर जाम लगा देंगे। इस चेतावनी के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। विरोध प्रदर्शन कर रहे आढ़ती पवन सैनी, मोहित गर्ग, साहिल सैनी, और नरेंद्र सिंह ने बताया कि जब से सरकारी खरीद शुरू हुई है, उठान की प्रक्रिया कछुआ गति से चल रही है। मंडी गेहूं की बोरियों से लबालब भर चुकी है। इस कारण अब किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अंदर लाना भी असंभव हो गया है। आढ़तियों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग से उठान तेज करने की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरी में उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा।


बराड़ा। समझौता करने के दौरान एकत्रित दोनों पक्ष। फोटो: हरिभूमि

## डीएमडी पीड़ित बच्चों के लिए सेवा धाम आश्रम बनेगा संजीवनी

- सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) और डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

दुर्लभ बीमारी ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) से जूझ रहे मासूम बच्चों के लिए अब उम्मीद की नई किरण जगी है। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) और रेल मंत्रालय के उपक्रम डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के बीच हुए एक समझौते ने यह संकल्प लिया है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी डीएमडी पीड़ित बच्चा असहाय नहीं रहेगा। डीएफसीसीआईएल के जनरल मैनेजर (कोऑर्डिनेशन) आलोक कुमार ने बताया कि इस साझेदारी के तहत कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके जरिए डीएमडी से प्रभावित बच्चों को अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे बच्चों की सहायता के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। यह पहल पीड़ित परिवारों के लिए बड़ी राहत और आशा की किरण साबित होगी।

### ये रहे मौजूद

डीएफसीसीआईएल के अधिकारी हरसिमरन सिंह, अमित गोयल, प्रदीप गुप्ता, शशि पॉल शर्मा, अतुल कुमार, वनीत कुमार और अनिल कुमार मौजूद रहे। सेवा धाम ट्रस्ट के ट्रस्टी रिंपल चौहान, देवेंद्र धीमान और महेश वासन भी उपस्थित रहे। इस पहल के साथ एक बार फिर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए जरूरतमंद बच्चों के लिए उम्मीद का केंद्र बनकर उभरा है।

इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि गांव साहा में करीब 59,895 वर्ग फीट क्षेत्र में 'सेवा धाम आश्रम' का निर्माण किया जा रहा है, जिसका पहला चरण मई 2026 में शुरू होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीएमडी एक गंभीर और दुर्लभ बीमारी है जिसमें बच्चे धीरे-धीरे अपनी मांसपेशियों की शक्ति खो देते हैं और उपचार अत्यंत महंगा होने के कारण अधिकांश बच्चे अल्पायु में ही दम तोड़ देते हैं। मित्तल ने बताया कि सेवा धाम आश्रम में आधुनिक फिजियोथेरेपी के साथ कट्टूथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, मेडिटेशन और आयुर्वेदिक उपचार जैसी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

## छोटे बच्चों को मिलेगा नया अनुभव

- मृगावती जैन किड्स प्लेवे' की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर स्थित एस.ए. जैन सीनियर मॉडल स्कूल की ओर से 'एस ए जैन बडीज' नाम से 'मृगावती जैन किड्स प्लेवे' की शुरुआत करके एक नया आयाम हासिल किया। यह पहल छोटे बच्चों को खुशी भरे और अनुभव-आधारित शिक्षा के जरिए पालन-पोसने के लिए समर्पित है। इस नए विंग को बहुत सोच-समझकर डिजाइन किया गया है ताकि बच्चों को एक ऐसा माहौल मिल सके जो उन्हें सुरक्षित और उनके अनुकूल हो; ऐसा माहौल जो उनकी रचनात्मकता, जिज्ञासा और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे। उद्घाटन समारोह में प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों और प्राचार्या ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। इस शुभ समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। एसए जैन बडीज" का लक्ष्य सीखने के लिए नए-नए खेल-आधारित तरीके अपनाना है ताकि बच्चों के लिए सीखना एक दिलचस्प और मोदार अनुभव बन सके। यहां की रंग-बिरंगी क्लासरूम, सीखने में मदद करने वाले इंटरेक्टिव साधन और गतिविधियों पर आधारित पाठ्यक्रम, स्कूल की इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### अच्छे मूल्यों के साथ आगे बढ़ें

प्रबंधक समिति के सम्मानित सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, प्रबंधक रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंध समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने अपना यह दृष्टिकोण सांझा किया कि वे एक ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जहां छोटे बच्चे आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अच्छे मूल्यों के साथ आगे बढ़ सकें।

## खुशमीत कौर 93.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम

- सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं बोर्ड में शानदार प्रदर्शन, शत-प्रतिशत परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला के विद्यार्थियों ने एक बार फिर 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा खुशमीत कौर ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रांजल ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवी ने 86.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा हरनूर कौर, रणविजय सिंह, परनीत कौर, तमन्ना रानी, साहिबप्रीत कौर, परविंदर कौर, उर्वशी, तृप्ति, नवजोत सिंह, जसकरण, अमृत, वंशिका और अक्षरा सहित कुल 17 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


बराड़ा। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ।

## वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार को वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर गुरुवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। गुरुवार की पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्याह्न के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## ड्यूटी आवर्स का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

### एसपी ने बैठक में पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला में यातायात व्यवस्था एवं ईआरवी को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने पुलिसकर्मियों की बैठक ली। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान प्रयोग में लाई जा रही सरकारी गाड़ियों की नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और निर्बाध सेवा प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने ड्यूटी आवर्स का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता बनी रहे और वे पूर्ण ऊर्जा एवं सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से प्रत्येक ईआरवी एवं यातायात वाहन में फस्ट एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कर्मचारियों को सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का ज्ञान होना अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की त्वरित एवं सही प्रतिक्रिया किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बैठक के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आमजन के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाने तथा जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल चालान करना नही बल्कि लोगों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया ताकि जिला जींद में यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से डीएसपी उचाना संजय कुमार, इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह अपनी टीम सहित उपस्थित रहे तथा ईआरवी व यातायात स्टाफ ने भाग लिया।



## युवती रिहायशी भवन से आभूषण लेकर फरार

- पड़ोसन ने रोका तो खुद को मकान मालकिन की जानकार बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शालीमार कॉलोनी में दोपहर एक नकाबपोश युवती ने दिनदहाड़े बंद मकान का चाबी से ताला खोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद जब पड़ोसन ने युवती को रोका तो उसने खुद को मकान मालकिन की जानकार बताया। दंपती घर आए तो वह सोने व चांदी के गहनों का बैग लेकर भाग चुकी थी। अंबाला शहर थाना पुलिस ने युवती पर केस दर्ज कर इलाके के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए। गहनों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। शालीमार कॉलोनी के पारस सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे हैं। उनकी पत्नी ऊषा जिंदल रजाई फैक्टरी में काम करती हैं। दोपहर करीब 1 बजे वह घर के बैडरूम और मेन गेट को ताला लगाकर अपनी पत्नी को खाना देने फैक्टरी पहुंचे थे। अभी वह पत्नी के पास पहुंचे ही थे कि उनकी पड़ोसन पूनम का फोन आया। पूनम ने बताया कि उनके घर पर एक युवती आई है जिसने मुंह ढका हुआ है। खुद को ऊषा की जानकार बता रही है। जैसे ही वह पत्नी संग घर पहुंचे तो देखा कि घर के बैडरूम में रखी अटैची से सोने-चांदी के गहने चोरी थे। भागती हुई युवती को देखकर पड़ोसन पूनम ने उसका पीछा भी किया लेकिन वह चकमा देकर भाग गए थे।